# श्री महजर नईम नवाब,मा0 उपाध्यक्ष,(राज्य मंत्री स्तर) उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग देहरादून की अध्यक्षता में "जन जानकारी अभियान कार्यक्रम" बैठक का कार्यवृत्त।

डॉ० आर० के० जैन
अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर)
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग
देहरादून

दिनांक 21.10.2023 को श्री महजर नईम नवाब, उपाध्यक्ष,(राज्य मंत्री स्तर) उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग देहरादून की अध्यक्षता में विकासभवन रोशनाबाद हरिद्वार के सभागार कक्ष में आयोजित " जन-जानकारी अभियान कार्यक्रम" बैठक आहुत की गई उक्त बैठक में उपस्थित अधिकारीगण निम्न प्रकार है।

1. मुख्य विकास अधिकारी प्रतिनिधि परियोजना प्रबन्धक हरिद्वार।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि सी0 ओ0 सिटी हरिद्वार।
3. मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिद्वार।
4. अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 हरिद्वार।
5. मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिद्वार।
6. उप श्रम आयुक्त हरिद्वार।
7. प्रबन्धक,अग्रणी बैंक हरिद्वार।
8. अधिशासी अधिकारी, समस्त नगर पालिका हरिद्वार।
9. तहसीलदार हरिद्वार।
10. सहायक अभियन्ता, पेयजल निर्माण निगम ऋषिकेश।
11. अन्य समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी हरिद्वार।

(जे० एस० रावत)
सचिव
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक
देहरादून

सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी प्रतिनिधि परियोजना प्रबन्धक द्वारा मा0 उपाध्यक्ष जी को पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया, तदोपरान्त मा0 उपाध्यक्ष महोदय जी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया गया तदोपरान्त "जन-जानकारी अभियान कार्यक्रम" के सम्बन्ध में बैठक प्रारम्भ की गई है।

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों में से सर्वप्रथम पुलिस विभाग से उनके विभाग से सम्बन्धित आतिथि तक के प्रकरण से अवगत कराने हेतु निर्देष दिये, जिसके अनुपालन में सी0ओ0 सिटि हरिद्वार द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित समस्त प्रकरण से मा0 उपाध्यक्ष जी को अवगत कराया गया तथा जेल अधीक्षक द्वारा अवगत कराया कि वर्तमान में जेल में 1593 बंदी है जिसमे से 83 महिलाएं है, मा0 उपाध्यक्ष जी द्वारा जनपद में संचालित प्रकरण की विस्तृत एल0आई0यू0 रिपोर्ट मा0 उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग देहरादून को उपलब्ध कराये जाने एवं जेल में बंदी महिलाओ को रोजगार परक प्रशिक्षण

कार्यक्रम दिये जाने हेतु निर्देश दिया गया। (कार्यवाही– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस विभाग हरिद्वार।)

तदुपरान्त मा0 उपाध्यक्ष महोदय द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार से अपने विभाग से सम्बन्धित गतिमान प्रकरण से अवगत कराने हेतु कहा गया जिसके अनुपालन में बैठक में उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया है कि वर्तमान में जनपद में 29 सहायक अध्यापक(उर्दू) की चयन की प्रकिया गतिमान है,चुकि 15 अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यार्थियों की उपस्थिती न होने के कारण नियुक्ति नहीं हुई। मा0 उपाध्यक्ष जी द्वारा जनपद में लम्बित प्रस्तावों के बारे में अवगत कराने हेतु कहा गया जिनका प्राथमिक से जूनियर, जूनियर से हाईस्कूल तथा हाईस्कूल से इण्टरमीडिएट में उच्चीकृत किया गया के सम्बन्ध में मा0 आयोग उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग देहरादून के सम्मुख 03 दिन के भीतर यथा स्थिति सहित निदेशक को उपस्थित होने हेतु निर्देश दिये गये। मा0 उपाध्यक्ष जी द्वारा स्कूलों के भवन की स्थिति के बारे में अवगत कराने हेतु कहा गया खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि कुछ स्कूलों के भवनों की स्थिति जर्जर अवस्था में है जिसके सम्बन्ध में मा0 उपाध्यक्ष जी द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये की जिन भवनों की स्थिति जर्जर अवस्था में उनके स्थान पर नवीन भवन हेतु नगर निगम हरिद्वार से भूमि की स्थिति/उपलब्धता हेतु समन्यवय स्थापित करते हुए सम्बन्धित स्कूलों हेतु भवन निर्माण का प्रस्ताव जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को प्रेषित करने हेतु कहा गया। तथा मा0 उपाध्यक्ष जी द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति, एम0डी0एम0 योजना एवं मदरसों की संख्या आदि के बारे मे अवगत कराने हेतु कहा गया जिसके अनुपालन में खण्ड शिक्षा अधिकारी बहादराबाद द्वारा अवगत कराया कि छात्रवृत्ति योजना वर्तमान में एन0एस0पी0 के माध्यम से आंन लाईन संचालित है तथा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित एम0डी0एम0 योजना के अन्तर्गत वर्तमान में जनपद के 141 पंजीकृत मदरसों को उक्त योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है जिससे लगभग 30,000 छात्र/छात्राएं लाभांन्वित हो रहें, मा0 उपाध्यक्ष जी द्वारा निर्देश दिये गये कि शिक्षा विभाग द्वारा समय– समय पर मदरसों का निरीक्षण कर मदरसो की छात्र उपस्थिति पंजिका की मैन्टीनेन्स हेतु सम्बन्धित प्रबन्धकों को अवगत करायेगे। तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जायेगी जिसमें बाल विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रहेंगे जो समय–समय पर मदरसों का निरीक्षण एवं मदरसों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की काउंसलिग आदि करेंगे।(कार्यवाही– मुख्य/जिला शिक्षा अधिकारी एवं नगर निगम हरिद्वार, बाल विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी।)

तदुपरान्त मा0 उपाध्यक्ष जी द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में विद्यालयवार छात्र संख्या के बारे में अवगत कराने हेतु निर्देश दिये,बैठक में उपस्थित सहायक समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में सभी छात्रवृत्ति ऑन लाईन माध्यम से संचालित है और अभ्यर्थी ऑन लाईन आवेदन करता है जिसके उपरान्त पात्र छात्र/छात्राओं के सम्बन्धित बैंक खातों में छात्रवृत्ति की धनराशि का भुगतान डी0बी0टी0 के माध्यम से किया जाता है।

तदुपरान्त मा0 उपाध्यक्ष महोदय द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से विभागीय गतिविधियां आदि के बारे में अवगत कराने हेतु कहा गया, बैठक में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में विकासखण्ड बहादराबाद एवं पिरानकलियर में निर्माणाधीन 30 बेडेड हांस्पीटल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पूर्ण होने की स्थिति में है, तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रायसी विकास खण्ड लक्सर हेतु पद स्वीकृति हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया गया उक्त केन्द्र का रास्ते का प्रकरण भी सुलझा दिया गया, एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भगवानपुर चन्दनपुर विकास खण्ड नारसन हेतु शासन से स्वीकृति अपेक्षित है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया कि वर्तमान में जनपद में 49 हांस्पीटल आयुष्मान में पंजीकृत है। मा0 उपाध्यक्ष जी द्वारा मेडिकल कैम्प एवं जेल में कैम्प आदि के वारे मे पूछा गया, जिसके क्रम में बैठक में उपस्थिति जेल अधिक्षक द्वारा अवगत कराया कि जेल में नियमित स्वास्थ्य कैम्प लगाये जा रहें हैं। मा0 उपाध्यक्ष जी द्वारा जनपद में कुल कितने स्वास्थ्य कैम्प लगाये गये का विवरण उपलब्ध कराये जाने एवं स्वास्थ्य कैम्प हेतु एक समिति बनाये जाने हेतु कहा कहा जिसमें वह भी स्वंय रहेंगे का निर्देश दिये गये। **(कार्यवाही– मुख्य चिकित्सा अधिकारी।)**

तदुपरान्त मा0 उपाध्यक्ष महोदय द्वारा विद्युत विभाग से सम्बन्धित प्रकरण, वसूली तथा एक वर्ष में एक से अधिक चैक मीटर एवं मीटर परिर्वतन करने वालों के सम्बन्ध में मा0 उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग को सम्बन्धितों की सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये, जिसके कम में उपस्थित अधिशासी अभियंता उत्तराखण्ड पावर कांपरेशन लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में विभाग द्वारा लगभग धनराशि रू0 2677 करोड की वसूली की गयी, तथा एक वर्ष में एक से अधिक चैक मीटर/मीटर परिर्वतन करने वालों की सूची मा0 आयोग को उपलब्ध करा दिया जायेगा।**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता उत्तराखण्ड पांवर कांरपोरेशन लि0 हरिद्वार।)**

तदुपरान्त मा0 उपाध्यक्ष महोदय द्वारा नगर निगम एवं नगर पालिका द्वारा संचालित योजनाओं आदि के वारे में अवगत कराने हेतु कहा गया, जिसके कम में नगर आयुक्त प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया कि विभाग द्वारा स्वंय सहायता समूह के माध्यम से विभिन्न

रोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत जनपद में 588 आवास निर्मित किये गये जिसमें से 31 अल्पसंख्यक समुदाय परिवारों को लाभान्वित किया गया, तथा 557 शौचालय निर्मित किये गये, मा0 उपाध्यक्ष जी द्वारा हर स्कूलों एवं मदरसों में शौचालय की स्थिति के बारे में अगली बैठक में सूचना उपलब्ध किये जाने हेतु निर्देश दिये गये, तथा समस्त नगर पालिका आदि की स्थिति से अवगत कराने हेतु कहा गया, जिसके कम मे सम्बन्धित अधिकारीगणों द्वारा अपने अपने नगर पालिका से सम्बन्धित सूचनाओं से अवगत करायाा गया, मा0 उपाध्यक्ष जी द्वारा अगली बैठक में अपने नगर पालिका से सम्बन्धित पूर्ण सूचनाओं सहित बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देश दिया गया। **(कार्यवाही– नगर आयुक्त/ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका हरिद्वार।)**

मा0 उपाध्यक्ष महोदय द्वारा श्रम विभाग से सम्बन्धित श्रमिक कार्ड एवं संचालित योजनाओ के बारे में पूछा गया जिसके कम में उप श्रम आयुक्त द्वारा अवगत कराया कि निर्माण कार्य में 90 दिन कार्य करते हुए वर्तमान में लगभग 37591 श्रमिक पंजीकृत है, तथा कार्य करते हुए यदि किसी श्रमिक की मृत्यु हो जाती है तो उसे धनराशि रू0 3 लाख तथा अन्येष्ठि हेतु रू. 10 हजार दिये जाने का प्राविधान है। जिसके उपरान्त मा0 उपाध्यक्ष जी द्वारा प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक का बीमा होना चाहिए तथा सम्बन्धित श्रमिक की राशि से प्रतिमाह रू0 55/– की कटौती किये जाने के निर्देश दिये। **(कार्यवाही– उप श्रम आयुक्त हरिद्वार।)**

मा0 उपाध्यक्ष महोदय द्वारा उक्त बैठक में उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी गणों से उनके विभाग से सम्बन्धित योजनाओं एवं अल्पसंख्यकों के लिए किये जाने वाले कल्याण कारी योजनाओं आदि के बारे में अवगत कराने हेतु कहा गया, जिसके कम में सभी जनपद स्तरीय अधिकारी गणों द्वारा अपने सम्बन्धित विभाग की संचालित योजनाओं आदि के बारे में मा0 उपाध्यक्ष महोदय को अवगत कराया तथा बैठक में अनुपस्थित रहे सहायक मत्स्य अधिकारी को मा0 उत्तराखण्ड आयोग देहरादून में उपस्थित होने हेतु निर्देश दिये गये, एवं खाद आपूर्ति विभाग को जनपद हरिद्वार से सम्बन्धित समस्त राशन कार्डो की सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। **(कार्यवाही– सहायक मत्स्य अधिकारी एवं खाद पूर्ति अधिकारी हरिद्वार।)**

बैठक के अन्त में मा0 उपाध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी गणों से अपने–अपने विभाग से सम्बन्धित लाभार्थी परक योजना की लाभार्थी सूची मा0 उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

अन्त में मा0 उपाध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी गणों का धन्यवाद करते हुए बैठक को समाप्त करने की घोषणा की गई।